दुर्गापुर महिला कॉलेज ने शहीद दिवस पर पारदर्शिता कार्यक्रम का किया आयोजन

दुर्गापुर : दुर्गापुर महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई ने शहीद दिवस पर सप्ताह भर चलने वाले पारदर्शिता कार्यक्रम की शुरुआत की है। वहीं कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस को एक व्यावहारिक विषय, "लोकतंत्र में मतदान अधिकार" पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता द्वारा चिह्नित किया गया था। दुर्गापुर महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई ने गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत गोद ली गई मलीन बस्तियों में अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित एक कार्यक्रम के साथ हुई। डीएमसी के रिसोर्स पर्सन ने कचरा प्रबंधन पर बहुत व्यावहारिक दृष्टिकोण दिया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए बर्फकाल परमानंद स्लम एरिया में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इसी क्रम में प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए पौधारोपण किया गया। वहीं सफाई गतिविधियों के साथ पौधारोपण अभियान को जोड़कर पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा दिया गया। इस दौरान छात्रों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु एक नुक्कड़ नाटक 'वॉयस ऑफ द स्ट्रीट' का आयोजन किया गया। दुर्गापुर महिला कॉलेज एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए एक साइकिल रैली निकल गई। एनएसएस स्वयंसेवकों (इतिहास और राजनीति विज्ञान के छात्रों के साथ सहयोग करते हुए) ने चुनावी साक्षरता, नागरिक सहभागिता के साथ राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं